>

Title: Regarding setting up of a common Assembly for both Daman and Diu and Dadra Nagar Haweli.

श्री मोहनभाई सांजीभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली): महोदय, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण और गम्भीर बात मेरी कंस्टीट्युन्सी दादरा और नागर हवेली के बारे में उठाना चाहता हूं ।

सर, यह एक केन्द्रशासित प्रदेश है, जहां पर लेजिस्लेचर नहीं है । वहां सारे के सारे अधिकार प्रशासन के पास और प्रशासन के अधिकारियों के पास हैं । वहां के लोगों की काफी पुरानी और स्ट्रॉन्ग डिमांड है कि वहां पर लेजिस्लेचर बनाया जाए, वहां पर विधान सभा गठित की जाए । यह बहुत पुरानी माँग है ।

सर, वर्ष 2014 में महामहिम उप राष्ट्रपति जी की अध्यक्षता में होम मिनिस्ट्री की स्टैन्डिंग कमेटी ने वहां की विजिट की थी और उन्होंने पूरी जाँच की । जाँच के बाद उन्होंने यह पाया कि यहां पर लेजिस्लेचर दिया जा सकता है, विधान सभा दी जा सकती है । अभी भी वह प्रपोजल पेन्डिंग है । वह सारी रिपोर्ट राज्य सभा में टेबल हुई है । इसके लिए हम वहां पर पॉपुलेशन वाइज, रेवेन्यू वाइज वाएबल हैं । पूरे विश्व में भारत एक मजबूत लोकतंत्र है, फिर हम क्यों वंचित हैं? हमारे यहां क्यों नहीं है? मैं चाहता हूं कि भारत सरकार इस रिपोर्ट पर तुरन्त कार्रवाई करे और विधान सभा के गठन के लिए काम शुरू करे ।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री मोहनभाई सांजीभाई देलकर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।